# राज्य शक्ति तीलू रौतेली पुरस्कार

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में **उत्तराखंड सरकार ने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण उपलब्धियों के लिये** 13 उत्कृष्ट महिलाओं को देहरादून में **राज्य शक्ति तीलू रौतेली पुरस्कार** से सम्मानित किया।

## प्रमुख बिंदु:

पुरस्कार पाने वालों में अल्मोड़ा की **पैरा-तैराक और एथलीट प्रीति गोस्वामी,** बागेश्वर की **ताइक्वांडो खिलाड़ी नेहा देवली,** हरिद्वार की **पावरलिफ्टर संगीता राणा** तथा उधम सिंह नगर की **पैरा-बैडमिंटन खिलाड़ी मंदीप कौर** शामिल थीं।

अन्य सम्मानित व्यक्तियों में **लोक गायन के लिये पद्मश्री से सम्मानित माधुरी बर्थवाल, हिंदी साहित्य को बढ़ावा देने के लिये** चंपावत की **सोनिया आर्य,** जून में जंगली जानवर के हमले से अपनी सास को बचाने के लिये रुद्रप्रयाग की **विनीता देवी, हस्तशिल्प और हथकरघा को आगे बढ़ाने** के लिये चमोली की **नर्मदा रावत** तथा **विज्ञान में योगदान के लिये** नैनीताल की **सुधा पाल** शामिल हैं।

## राज्य शक्ति तीलू रौतेली पुरस्कार

- यह पुरस्कार **उत्तराखंड सरकार द्वारा प्रतिवर्ष** वीरबाला तीलू रौतेली के नाम पर **विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं** को दिया जाता है।
    - राज्य सरकार ने **उत्तराखंड की वीरांगना तीलू रौतेली की जयंती पर वर्ष 2006 से महिला सशक्तीकरण के क्षेत्र में** उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं एवं किशोरियों के लिये तीलू रौतेली पुरस्कार की शुरुआत की थी।
- इसके तहत राज्य सरकार **31 हजार रुपए और प्रशस्ति-पत्र** देती है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajya-shakti-tilu-rauteli-award